कार्यालय : सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

पत्रांक : वि0प0/ए0आ0आ0वि0/प्र0प0 2022/ 107-112/2022-23 दिनांक 02 मई 2022

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी/मेहरवाना/बाजपुर/खटीमा प्रवेश परीक्षा-2022

इस कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति संख्या : 77, दिनांक 28 जनवरी 2022 के क्रम में ए0आ0आ0 विद्यालय कालसी/मेहरवाना/ बाजपुर/खटीमा में सत्र 2022-23 में कक्षा 06 में प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले उत्तराखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं को अवगत कराना है कि उनके प्रवेश-पत्र डाक से उनके आवेदन पत्र में अंकित पते पर प्रेषित किये जा चुके हैं। **प्रवेश परीक्षा दिनांक 14 मई 2022 (शनिवार) को प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे तक सम्पन्न करायी जानी प्रस्तावित है।** आवेदन-पत्र में अंकित सूचना के आधार पर **आवेदकों को औपबंधिक रूप से परीक्षा में सम्मिलित किया जा रहा है, प्रवेश परीक्षा में सफल होने पर अभ्यर्थन की जांच प्रवेश के समय संबंधित ए0आ0आ0 विद्यालय के प्राचार्य द्वारा की जायेगी एवं तद्नुसार अभ्यर्थन सही पाये जाने पर ही प्रवेश की कार्यवाही की जायेगी अन्यथा चयन स्वतः निरस्त माना जायेगा।** जिन छात्र/छात्राओं के प्रवेश-पत्र प्राप्त नहीं हुये हैं वे उन्हें आवंटित परीक्षा केन्द्र से दिनांक 14 मई 2022 को प्रातः 09:00 बजे तक अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवेदकों को आवंटित परीक्षा केन्द्रों की सूची परिषद् की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** में **DEPARTMENTAL EXAM** के कार्नर वाले आईकॉन पर उपलब्ध हैं। परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा के दौरान कोरोना वायरस (COVID-19) के संक्रमण के बचाव/रोकथाम संबंधी आदेशों/निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी को मास्क/फेस सील्ड पहनना अनिवार्य होगा।

निर्धारित अर्हता (यथा आयु निर्धारित सीमा से कम अथवा अधिक होने, वर्ष 2021-22 से पूर्व कक्षा 05 उत्तीर्ण होने आदि) **पूर्ण न करने के कारण जिन छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्र निरस्त किये गये हैं उनकी सूची भी परिषद् की उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।**

02/05/2022

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।